अमर उजाला 11/01/2025

विश्व हिंदी दिवस पर ऑनलाइन व्याख्यान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन व्याख्यान करवाया गया। इसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर विवेक मणि त्रिपाठी रहे।

उन्होंने बताया कि चीन में भी हिंदी पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हिंदी का महत्व वैज्ञानिक समुदाय के लिए भी बहुत अधिक है, खासकर पुराने साहित्य को समझने के लिए।

हिंदी में लिखी गई पुरानी पुस्तकें और ग्रंथ हमें स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, जीवनशैली और अन्य विषयों पर बहुत कुछ सिखा सकती हैं।

संगोष्ठी का नेतृत्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पुष्पा रानी ने किया। डॉ. अनीश ने बताया कि हिंदी भारत का गौरव एवं पूरा दर्शन है। संवाद